# NOTE FOR JUSTIFICATION

परियोजना का नामः– राज्य योजना के अन्तर्गत सातसिलिंग थल मोटर मार्ग के कि0मी0 29 से चामूल भण्डारी गॉव रजवार तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

राज्य योजना के अन्तर्गत सातसिलिंग थल मोटर मार्ग के कि0मी0 29 से चामूल भण्डारी गॉव रजवार तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य की स्वीकृति उत्तराखण्ड शासन का पत्रांक संख्या 11 / ।।।(2) / 17–48(प्रा0आ0) / 2016 दिनांक 04.01.2017 द्वारा 7.00 किमी0 रू0 96.33 लाख स्वीकृत हुआ है।

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग सातसिलिंग थल मोटर मार्ग के कि0मी0 29 से प्रारम्भ होता है और भण्डारी गॉव रजवार के मध्य तक जाता है जिसकी आबादी 1458 है। जो अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुडा है। पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा। साथ ही वह अपने पाल्यो को अधिक समय दे पायेगें। जिससे कि पाल्यों का लालन पालन पठन–पाठन ठीक से होगा। तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर होगी। गॉव में चिकित्सालय एवं विद्यालय खोलने के नये अवसर मिलेंगें। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल,सब्जी,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई क`ले जा पायेगें और साथ ही ग्राम विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानिय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगे।

यह समरेखण सिविल भूमि (राज्य भूमि) से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान मस्जिद,कबिस्तान का भाग नहीं पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों की नाप भूमि के अतिरिक्त समस्त भूमि श्रेणी में ले नी गई है। इस प्रकार इस मार्ग के समरेखण में नाप भूमि 2.745 हे0, सिविल सोयम भूमि 2.115हे0, वन पंचायत भूमि 1.440हे0, अतः कुल 3.555 हे0 राज्य भूमि प्रभावित हो रही है, जो न्यूनतम है एवं अपरिहार्य है, वन भूमि हस्तान्तरण करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

विस्तृत सर्वेक्षण के उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु दो समरेखणों पर विचार किया गया है, जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग–अलग रगं से दर्शाया गया है।

**समरेखन न0 1**. यह समरेखन सातसिलिंग थल मोटर मार्ग के कि0मी0 29 से प्रारम्भ होता है और भण्डारी गॉव रजवार तक जाता है। इस समरेखण में नाप भूमि कम प्रभावित हो रही है जिस कारण ग्रामवासी इस समरेखण में मार्ग निर्माण हेतु सहमत है। यह समरेखण मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है।

**समरेखन न0 2**. यह समरेखन सातसिलिंग थल मोटर मार्ग के कि0मी0 29 से प्रारम्भ होता है और भण्डारी गॉव रजवार तक जाता है। इस समरेखण में नाप भूमि अधिक प्रभावित हो रही है जिस कारण ग्रामवासी इस समरेखण में मार्ग निर्माण हेतु सहमत नहीं है। यह समरेखण मानचित्र में हरे रंग से दर्शाया गया है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण न0 दो को निरस्त कर समरेखन न0 1 को अनुमोदित किया जाता है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो. नि. वि.
पिथौरागढ़

for
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
पिथौरागढ़

प्रभागीय वन अधिकारी
पिथौरागढ़ वन प्रभाग